ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल माननीय प्रधानमंत्री द्वारा बिहार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तीन प्रमुख परियोजनाओं के लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रम (वर्चुअल) में राजभवन, पटना से शामिल हुए

पटना, 13 सितम्बर 2020

आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तीन प्रमुख परियोजनाओं के लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रम (वर्चुअल) में राजभवन, पटना से महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ज्ञातव्य है कि आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पारादीप–मुजफ्फरपुर एल॰पी॰जी॰ पाइपलाइन के दुर्गापुर–बाँका सेक्शन का उद्घाटन तथा बांका स्थित एल॰पी॰जी॰ बॉटलिंग प्लांट एवं चम्पारण के एल॰पी॰जी॰ बॉटलिंग प्लांट का लोकार्पण आज वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सम्पन्न किया गया।

कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, केन्द्रीय कानून एवं न्याय, संचार, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद, केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री गिरिराज सिंह, केन्द्रीय विद्युत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राजकुमार सिंह, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय आदि भी उपस्थित थे।

....